# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1213
दिनांक : 19/6/24

**अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता**

**विज्ञप्ति**

विषय : बी0ए0एलएल0बी0 अष्टम व दसम सेमेस्टर के ओल्ड कोर्स के छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय महाविद्यालयों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि बी0ए0एलएल0बी0 के अष्टम व दसम सेमेस्टर में ओल्ड कोर्स के छात्र/छात्राओं की उनके महाविद्यालयों में पंजीकृत संख्या कम है। अतः ऐसे छात्र/छात्राओं की शीघ्र प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि **जिन महाविद्यालयों/संस्थानों में बी0ए0एलएल0बी0 के अष्टम व दसम सेमेस्टर में ओल्ड कोर्स में पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या 20 से कम है।**

एतद्द्वारा ऐसे महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि ओल्ड कोर्स हेतु नामित परीक्षकों का संज्ञान न लें और **विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु नामित परीक्षकों से ही बी0ए0एलएल0बी0 के अष्टम व दसम सेमेस्टर में ओल्ड कोर्स के छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा अतिशीघ्र सम्पन्न कराकर पोर्टल पर अंक अपलोड करने का कष्ट करें** ताकि परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जा सके।

19/6/24
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव,.कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस निर्देश के साथ कि छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)